दिनांक 26.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

''एकीकृत आजीविका शिविर का आयोजन सम्पन्न''
''250 लोगो ने कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के लिए पंजीयन कराया''

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने आज एकीकृत आजीविका शिविर जो मदर टेरेसा कार्यालय में आयोजित था उक्त शिविर का निरीक्षण निगम आयुक्त के द्वारा किया गया। शिविर स्थल के कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की एवं पंजी एवं अन्य दस्तावेज का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री चौहान ने उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि शिविर में पहुंच रहे हितग्राहियों को जानकारी उपलब्ध करावें एवं इन सब योजनाओं से क्या लाभ होना है इससे भी अवगत् करावे तथा शासन के द्वारा ऐसे हितग्राहियों के लिए बनाये गये जनकलणकारी योजनाओं के संबंध में भी जानकारी देवें।

आज 26 फरवरी 2018 को नगर निगम जोन कार्यालय क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर सुपेला में एकीकृत आजीविका शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में 250 लोगो के कौशल उन्नयन हेतु प्रस्ताव पंजीयन किए गए। नगर निगम भिलाई के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठक, स्थानिय स्त्रोत व्यक्ति, कौशल प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाएं जैसे–एडवान्स हाईटेक मानव कौशल केन्द्र, बी.डी.एस कॉलेज, अंश एज्युकेशन, रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग, लक्ष्य, अर्चना कौशल, देना ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, एम. जे. कॉलेज, बालाजी इस्टीट्यूट, हिमान्शु इन्फोटेक, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, एब्लेज, आई आई सी ई कलिगां, पार्थिव फिनिशिंग संस्था, फास्ट ट्रैक, लाइवलीहुड कॉलेज आई. सी. आई. सी. आई एवं दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित शहरी आजीविका केन्द्र शामिल हुए, साथ ही प्रधान मंत्री आवास योजना के लिए भी 19 इच्छुक व्यक्तियों ने शिविर में सम्पर्क किया।

जन सम्पर्क अधिकारी